18/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से स्पष्ट तौर पर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के साथ मुद्दों को सुलझाने के लिए कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और न ही कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और हालिया ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने के बार-बार किए गए दावों के बाद आई है। श्री मिस्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि नई दिल्ली अब आतंकवादी कृत्यों को प्रोक्सी कार्रवाई के रूप में नहीं बल्कि युद्ध के कृत्यों के रूप में देखेगी।

0000000000000000000000

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, पिछले 11 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों के बारे में बात की, जिसमें 2014 में आयुष मंत्रालय के निर्माण से लेकर योग के संस्थागत करण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिक शामिल है। उन्होंने कार्यस्थल पर वाई-ब्रेक जैसे अग्रणी तकनीकी हस्तक्षेपों के बारे में भी विस्तार से बताया, जो वर्किंग प्रोफ़ेश्नल्स के लिए काम से संबंधित तनाव से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया पाँच मिनट का योग मॉड्यूल है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने विभिन्न राज्य बोर्ड्स, निगम और सरकारी उपक्रमों के नवनियुक्त अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए पार्टी एवं सरकार के विजन को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने नियुक्तों से ईमानदारी, समर्पण और जन सेवा की भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था के पुनर्गठन पर चर्चा के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से संरचनात्मक और प्रशासनिक सुधारों की खोज के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में राज्य चुनाव आयुक्त रिनचिन ताशी और अरुणाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग के सचिव तारू तालो सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

0000000000000000000000

भाजपा द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में **'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण'** के 11 साल और मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में नौ साल के जन-केंद्रित शासन के उपलक्ष्य में नामसाई में एक क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने राज्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर पहल को बढ़ावा देने का आग्रह किया। राज्य भाजपा उपाध्यक्ष जुंटी सिंगफो और अन्य नेताओं ने समावेशी विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिला प्रशासन ने 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में खास तौर पर गर्मियों और मानसून के मौसम में दस्त की समस्याओं को कम करने के उद्देश्य से **"स्टोप डायरिया कैंपेन 2025"** की शुरुआत की। आज पीएम श्री मिडिल स्कूल, युपिया में ईएसी दानी रिकांग द्वारा शुरू किए गए इस अभियान में दस्त के मामलों के लिए 5 वर्ष से कम आयु के 5,103 बच्चों की निगरानी शामिल होगी। अभियान में हाथ धोने का सही तरीका सहित हाइजीन के महत्व और दस्त की रोकथाम के बारे में जागरूकता पर भी जोर दिया गया है।

0000000000000000000000

पिछले रविवार की रात को हुए विनाशकारी भूस्खलन से गवर्मेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, रागा को भारी नुकसान पहुंचा है। मंगलवार को एक उच्च स्तरीय निरीक्षण के दौरान, कामले उपायुक्त जे.टी. ओबी ने फ़िज़िक्स लेब का पूरी तरह से नष्ट होने और केमिस्ट्री, बायोलॉजी, टूरिज़म और ट्रेवेल एवं आईटी लेब में गंभीर दरारें पड़ने की पुष्टि की। एहतियात के तौर पर, अधिकारियों ने छात्रों, कर्मचारियों और आम जनता से परिसर के पिछले हिस्से में नहीं जाने का आग्रह किया, जहाँ दरारें और ज़मीन की अस्थिरता एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

0000000000000000000000

RIWATCH मातृभाषा केंद्र (RCML) ने 16 और 17 जून को रोइंग स्थित अपने परिसर में **तौरा मिश्मी भाषा** और संस्कृति के डॉक्यूमेंटेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में तौरा मिश्मी की व्यापक शब्द और वाक्य सूचियों के डॉक्यूमेंटेशन और निष्कर्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य समुदाय की समृद्ध भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना था।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 6 जिलों पापुम पारे, पाक्के केसांग, वेस्ट सियांग, अपर सियांग, दिबांग वली और लोअर दिबांग वैली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटों में गरज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश होने की संभावना है। विभग ने 19 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

0000000000000000000000

मेघालय सरकार ने राजा रघुवंशी हत्याकांड के मद्देनजर सभी होम स्टे, रिसॉर्ट और मकान मालिकों को पर्यटकों का अनिवार्य रूप से रेजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया है। राज्य के पर्यटन मंत्री पॉल लिंगदोह ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी आवास इकाइयां अनिवार्य रूप से पर्यटन ऐप के माध्यम से पर्यटकों का रेजिस्ट्रेशन करें।      0000000000000000000000